According to Delhi Development Authority, the drainage work in Sector 3 & 5 is expected to be completed by September, 1992 and in Sector 7 by December, 1992. Certain work for water supply and sewerage entrusted to MCD as a deposit work are also in progress.

Delhi Development Authority nave further reported that the Colony has been mostly developed expect for a part of the drainage/ water supply system.

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार

2556. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी:** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली और अन्य स्थानों पर केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के ज्यादातर इंजीनियर ठेकेदारों से संगठित रूप से एक निश्चित प्रतिशत कमीशन लेते हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि इस भ्रष्ट प्रथा के कारण कार्य की गुणवत्ता बुरी तरह से प्रभावित होती है ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं,

(घ) पिछले दो वर्षों और इस वर्ष के दौरान इस भ्रष्ट प्रथा में लिप्त पाये गये इंजीनियरों के विरुद्ध की गई कारवाई का ब्यौरा क्या है, और

(ङ) इस प्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और उनका क्या परिणाम निकला है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम्) : (क) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने सूचित किया है कि उन्हें किसी ऐसी भ्रष्ट प्रथा की जानकारी नहीं है ।

(ख) और (ग) उपर्युक्त (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) भ्रष्टाचार के प्रत्येक मामलों में जांच ब्यूरो युक्ति कौशल आदि द्वारा कारवाई करता है । केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा 1990 में तीन तथा 1991 में दो मामले पकड़े गए । चालू वर्ष के दौरान, अब तक इस प्रकार का कोई मामला नहीं है ।

(ङ) भ्रष्टाचार की शिकायतों पर कार्यवाही करने तथा भ्रष्ट प्रथाओं को बढ़ावा देने वाली कमियों को दूर करने के लिए प्रक्रियाएं और तरीके निकालने के लिए मंत्रालय और केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में सतर्कता संगठन क्रियाशील हैं ।

Central Pollution Control Board

2557. SHRI PASUMPON THAKIRUTTINAN: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Central Pollution Control Board takes samples for examination of drinking water throughout the country periodically;

(b) Whethre the Board took samples from different places of Tamil Nadu for examination during the last two years and if so, the details and findings therefor ;

(c) if not, the reasons therefor; and

(d) by when such examination is likely to be carried out in the State ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MIMSTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI M. ARUNACHALAM) : (a) No, Sir.

(b) No, Sir,

(b) The Central Board is not involved in taking samples of drinking water throughout the country as its main function is to plan and cause to be executed a nationwide programme for the prevention,' control and abatement of water pollution.

(c) Dose not arise.

किसान घाट का विस्तार

2558. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या शहरी विकास मंत्री पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह के दाहसंस्कार स्थल "किसान घाट" का विस्तार किए जाने के बारे में 12 जुलाई, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 3 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उस स्थल के विकास से संबंधित कार्य में अब तक कितनी प्रगति हुई है तथा कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरूणाचलम) : (क) समाधि के विकास के चरण–II के भाग–I जिसमें समाधि के चारों और भू-दृश्य प्लांटरों का निर्माण, पहुंच पथों का निर्माण शामिल है, को मई 1992 में पूरा किया गया था । चरण-II के भाग–II जिसमें चोपाल, कार पार्किंग, पुस्तक स्टाल, प्रसाधन ब्लाकों प्रवेश द्वारों, इत्यादि का निर्माण शामिल है, चल रहा है । मौजूदा सम्पस को भरने तथा मौजूदा सम्पस से किसी और तरफ पानी ले जाने के लिए अतिरिक्त सम्पस का निर्माण कार्य भी आरम्भ किया जा रहा है ।

(ख) चरण–II के भाग–II में सभी निर्माण कार्य अर्थात् मौजूदा सम्पस को भरने, अतिरिक्त सम्पस, कार पार्किंग, चोपाल, पुस्तक स्टाल, प्रसाधन ब्लाकों, इत्यादि का निर्माण नवम्बर 1992 तक पूरा होने की संभावना है ।

Facilities in D,D.A. Colonies

2559. SHRI P. UPENTDRA : Will the Minister of UR^AN DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether the D.D.A. residents welfare associations have demanded more infrastructure facilities like shopping centres, parks and play ground to the residents before allotting flats for ready prossession; and

(b) if so, what is the decision of Government to this demand ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI M. ARU-NACHALAM) : (a) and (b) . The DDA has reported that facilities like shopping centres, parks and playgrounds aire already being provided as per approved layout plans in.the newly developed colonies before allotment of flats.